

## सिविल अस्पताल के बीएमओ राकेश कुमार को संभागायुक्त ने किया निलंबित

**सोनकच्छ।** स्थानीय सिविल अस्पताल में पदस्थ बीएमओ राकेश कुमार को संभागायुक्त ने निलंबित कर दिया है। आदेश में उल्लेख किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं अच्छा प्रदर्शन व अस्पताल में स्वच्छता निम्न होने से उन्हें निलंबित किया जाता है।

जानकारी के मुताबिक 9 अप्रैल को देवास कलेक्टर ऋतुराजसिंह ने उज्जैन संभागायुक्त को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया कि, बीएमओ राकेश कुमार के द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतते हुए असंवेदनशीलता के साथ कार्य संपादित करने के फलस्वरूप सिविल अस्पताल में भवन निर्मित होने के दो वर्ष के पश्चात् भी प्रसूताओं को मेटरनिटी वार्ड की सुविधा नहीं मिलने व अस्पताल में स्वच्छता स्तर निम्न होने के कारण जिला पंचायत सीईओ द्वारा 12 दिसंबर 25 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था।

बीएमओ कुमार को मुख्यालय पर निवास नहीं करने के लिए कार्यालयीन पत्र 31 दिसंबर जारी गया था। उसके प्रतिउत्तर में कुमार 10 जनवरी 26 को जवाब देते कहा कि, वे 15 दिवस के अर्जित अवकाश पर है व दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से किया जा रहा है। 12 जनवरी को सीएमएचओ देवास द्वारा सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया था। उस दौरान भी पाया गया कि कुमार बगैर सक्षम अधिकारी को बिना बताए अन्यत्र स्थान पर चले गए है। इस संबंध में सीएमएचओ द्वारा उन्हें 14 जनवरी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया था। 17 जनवरी को उन्होंने पत्र का जवाब देते उत्तर दिया कि, 12 जनवरीको उनकी पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने से अवकाश पर प्रस्थान किया था जिसकी सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मोबाईल पर देने के लिए प्रयास किया गया किन्तु मोबाइल व्यस्त चर्चा नहीं हो सकी, प्रतिउत्तर में आश्वासन दिया गया था कि वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा।

प्रथम दृष्टया पाया गया कि, डॉ. राकेश कुमार द्वारा निर्धारित मुख्यालय पर निवास नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार नियंत्रणकर्ता अधिकारी के निर्धारित मुख्यालय पर निवास नहीं किए जाने से विकासखण्ड सोनकच्छ के अधीनस्थ शासकीय सेवकों पर प्रशासकीय नियंत्रण समुचित न होकर स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारू संचालन प्रभावित हो रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति की 19 जनवरी में विभागीय समीक्षा बैठक में विकासखण्ड के अंतर्गत एएनसी पंजीयन कम होने के कारण जारी



कार्रवाई विवरण में दिए गए निर्णय अनुसार सीएचएमओ द्वारा डॉ कुमार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। एएनसी रजिस्ट्रेशन की समीक्षा में उपलब्ध जानकारी एचपीव्ही वेक्सीन के कियान्वयन में उदासीनता बरती जाने के फलस्वरूप पुन: 9 फरवरी को सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसके प्रत्युत्तर में उनके द्वारा एनसीसी में 52 प्रतिशत से 58 प्रतिशत एएनसी अनमोल पंजीयन में 61 प्रतिशत से 66 प्रतिशत व एएनसी मोडरेट एनीमिया प्रबंध में 38 प्रतिशत से 46 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई। करीब 1 माह में उपलब्धियों उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई।

जिला स्वास्थ्य समिति बैठक फरवरी में निर्देश दिए गए थे कि जिले के कोई भी बीएमओ कलेक्टर कार्यालय की पूर्व स्वीकृति के अवकाश पर नहीं जाएंगे। जिस संबंध में जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यवाही विवरण कार्यालयीन पत्र 2 मार्च को निर्देश जारी किए गए। लेकिन डॉ कुमार, द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है व संकल्प से समाधान शिविर के अंतर्गत भी उपलब्धियां संतोषजनक नहीं है। बिना सक्षम अधिकारी से बगैर अनुमति को 9 मार्च को अवकाश पर चले गए। वर्तमान में 31 मार्च की स्थिति में एएनसी अनमोल पंजीयन में 63.67 प्रतिशत एएनसी मोडरेट एनीमिया प्रबंधन में 50.75 प्रतिशत है। सीवियर एनीमिया प्रबंधन 70 प्रतिशत, पीआयएच प्रबंधन 61.60 प्रतिशत है। एएनसी चेकअप का प्रतिशत 37.89 जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना व सीएम हेल्पलाईन (50 दिवस से अधिक) की संख्या 51 है। जिला स्तर से बार-बार याद कराने पर भी सीएम हेल्पलाईन का निराकरण नहीं किया जा रहा है। दो माह से विभाग जो उपलब्धि चाह रहा था उसके विपरीत विभाग को मिला है। जिला स्वास्थ्य समिति में की गई समीक्षा अनुसार प्राय: सभी मानकों में लगातार खराब प्रदर्शन लगातार निर्देशों के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है।

### देवास बीएमओ को चार्ज दिया

बीएमओ द्वारा स्वच्छंदतापूर्ण कार्यप्रणाली से विभागीय कार्यक्रम व स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं का अपेक्षित स्तर न होने से समाचार पत्रों में बार-बार नकारात्मक समाचार प्रकाशित हो रहे हैं व विभाग की छवि धूमिल हो रही है। बीएमओ कुमार द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही की जा रही है व नियंत्रणकर्ता अधिकारी के आदेशों का पालन सुनिश्चित नहीं करते हुए अनुशासनहीनता की जा रही है। इन सब लापरवाहियों को देखते हुए उज्जैन संभागायुक्त आशीष बघेल ने तत्काल प्रभाव से बीएमओ कुमार को निलंबित कर दिया है। वहीं शासन द्वारा आगामी आदेश नही आता तब तक सोनकच्छ सिविल अस्पताल की व्यवस्था चलाने के लिए देवास बीएमओ को चार्ज दिया गया है।

### सूचना पत्र का जवाब नहीं दिया

23 मार्च को एचपीवी टीकाकरण अभियान में लक्ष्य के अनुरूप अत्यधिक कम होने के फलस्वरूप कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। डॉ कुमार ने इसका जवाब ही नहीं दिया।



## समय पर कार्य नहीं करने पर स्वच्छता निरीक्षकों का काटा जाए सात दिन का वेतन : निगमायुक्त

- समयावधि पत्रों की हुई
- समीक्षा

**देवास।** निगमायुक्त दलीप कुमार के द्वारा सोमवार 13 अप्रेल को निगम बैठक हाल मे समयावधि पत्रों की समीक्षा की गई। आयुक्त ने समीक्षा में विद्युत कनेक्शन वेरिफीकेशन की जानकारी ली तथा स्ट्रीट लाईट से की जा रही चोरी पर संबंधित के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के साथ अर्थदण्ड की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

विभिन्न मेंटनेंस कार्यो मे ट्रेंचिंग ग्राण्ड पर विद्युत रिपेयर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के साथ नये सी.सी.टी.वी. केमरे लगाये जाने के निर्देश दिए। निगम के विद्युत कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगने की जानकारी ली। निगमायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को ई आफीस कार्य मे प्रगति लाने हेतु कहा। वहीं स्वनिधि मे नये आवेदन बढानें तथा हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड लक्ष्य अनुरूप वितरण कराने तथा संबल पेंडिंग आवेदनों के निराकरण करने के साथ ही शत प्रतिशत ईकेवाई करवाने के निर्देश एनयुएलएम शाखा प्रभारी को दिए। इसी प्रकार गौशाला में शेड निर्माण के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के साथ छोटे बछडों हेतु अलग से शेड बनाये जाने हेतु कहा।स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत स्वच्छत उपनिरीक्षकों को गत समीक्षा बैठक में दिए निर्देशों के कार्य समय पर कार्य नहीं करने पर 7 दिवस का वेतन आहरण नहीं करने के लिए निगम उपायुक्त दीपक पटेल को कहा। वहीं सम्पूर्ण वाडों में स्वच्छता के कार्यो का प्रतिदिन निरीक्षण निगम उपायुक्तों द्वारा किये जाने की जानकारी ली। जिसमें जिन वार्डो में स्वच्छता के दौरान जो कमियां बताई गई उनका त्वरित निराकरण किये जाने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिए। आयुक्त ने स्वच्छता निरीक्षकों को सर्वेक्षण के दौरान 3 दिवस में दिये गये निर्देशानुसार कार्य कर रिपोर्ट उपायुक्तों को दिये जाने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को समय पर समयावधि पत्रों का निराकरण किये जाने हेतु कहा।

### जल गंगा - जल संचय अभियान पर फोकस

जल गंगा, जल संचय अभियान पर फोकस देते हुए रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दिये गये लक्ष्य अनुसार करावाये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को कहा। आयुक्त ने सीएम इन्फ्र मे चल रहे निर्माण कार्यो की जानकारी ली तथा सडक सुधार कार्य में ठेकेदारी की लापवाही पर संबंधित ठेकेदार को सूचना पत्र दिये जाने हेतु कहा।

## महाराष्ट्र समाज देवास के चुनाव में दीपक कर्पे निर्विरोध अध्यक्ष

- अध्यक्ष चयन के साथ कार्यकारिणी के लिए भी किया गया मतदान

**देवास।** महाराष्ट्र समाज देवास में रविवार को आयोजित साधारण सभा और चुनाव प्रक्रिया ने समाज की एकजुटता और सक्रियता की मजबूत तस्वीर पेश की। लंबे समय बाद आयोजित इस बैठक में समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

साधारण सभा की शुरुआत समाज अध्यक्ष दीपक कर्पे एवं ट्रस्ट अध्यक्ष संजय कोटस्थाने द्वारा विधिवत सरस्वती पूजन के साथ की गई। इसके बाद साधारण सभा में समाज के विकास, गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं को लेकर खुलकर




चर्चा हुई। कई सदस्यों ने रचनात्मक सुझाव दिए, तो कई ने समाज की पूर्व कार्यकारणी से प्रश्न भी पूछे गए, जिनके समाधानकारक उत्तर दीपक कर्पे और मिलिंद वैद्य ने दिए। कार्यकारिणी कोषाध्यक्ष नीलिंद म्हाडगुत द्वारा आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यों ने ध्यानपूर्वक सुना। न्यास का बजट और लेखा प्रबंधक सदाशिव जोशी ने प्रस्तुत किया। कार्यकाल पूर्ण होने पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निर्वाचन अधिकारी उदय कस्तूरे, अशोक कुलकर्णी की निगरानी में पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराए गए। अध्यक्ष पद पर दीपक कर्पे सहित तीन महिला सदस्य वृषाली आप्टे,दिव्या गोटी ,रुशाली विपट निर्विरोध चुनी गईं, जो समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का संकेत है। इसके बाद शेष कार्यकारिणी पदों के लिए मतदान कराया गया। भीषण गर्मी के बावजूद समाज के सदस्य बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव में संकेत सुपेकर,भूषण अत्रे, प्रवीण रायगांवकर,शेखर धोड़पकर, भालचंद्र बकोरे, विवेक जोशी, मंदार मुळे, नीलींद म्हाडगुत, विजयी घोषित किए गए। प्रकाश कोरडे,रवि अयाचित, विवेक बक्षी, दिलीप बाकरे, नचिकेत मनोहर, सारंग लोटे के सहयोग से पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण हुई, जिसने महाराष्ट्र समाज की संगठित ताकत और सक्रियता को फिर से उजागर कर दिया। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही समाज में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार देखने को आने वाले समय में मिलने वाला है।

## भाई पर कूटरचित दस्तावेज से नामांतरण का आरोप

**देवास।** पारिवारिक संपत्ति को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है, जहां एक भाई ने दूसरे पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कृषि भूमि अपने नाम कराने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में तहसीलदार को आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। शहर के एमजी रोड निवासी जयप्रकाश विजयवर्गीय ने अपने सगे भाई राकेश विजयवर्गीय के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए तहसीलदार को आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन में बताया गया है कि ग्राम रूपाखेड़ी स्थित सर्वे नंबर 64 एवं 97 की करीब 3.60 हेक्टेयर कृषि भूमि, जो कि उनके पिता स्वर्गीय धूलमल विजयवर्गीय की संपत्ति है, अब तक तीनों पक्षों के बीच विधिवत बंटवारे में नहीं आई है। जयप्रकाश विजयवर्गीय के अनुसार, उक्त संपत्ति का बंटवारा वसीयतनामे के अनुसार होना शेष है, जिसमें वे स्वयं, उनके भाई राकेश विजयवर्गीय और उनके दिवंगत भाई हरिओम विजयवर्गीय की पत्नी किरण शामिल हैं। इसके बावजूद आरोप है कि राकेश विजयवर्गीय ने बिना सहमति के अवैधानिक तरीके अपनाते हुए कूटरचित शपथ पत्र और बंटवारा विलेख तैयार करवाया। इन दस्तावेजों के आधार पर तहसील कार्यालय में प्रस्तुतिकरण कर राजस्व अभिलेखों में अकेले अपने नाम का नामांतरण करवा लिया गया। अब भाई उक्त भूमि को स्वयं का एकमात्र स्वामित्व बताकर विक्रय या अन्य प्रकार से हस्तांतरण करने की कोशिश कर रहा है।

### एक नजर में

### अंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर आज

**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में सेवा भारती कन्नौद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि 14 अप्रैल 2026 मंगलवार को प्रात: 10=00 बजे से शाम 4=00 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जावेगा ।इच्छुक रक्तदाताओं की जांच के उपरांत पात्र रक्त दाताओं को जिला रक्त कोष के माध्यम से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे ।डॉ मीणा ने जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों, प्रबुद्ध जनों एवं युवा छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान कर ब्लड डोनेशन कैंप को सफल बनाने की अपील की।

### विजयागंज मंडी तहसील शाखा पुनर्गठन



**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास की तहसील विजयागंज मंडी शाखा कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक जिला कार्यकारिणी सदस्य रामलाल लुवानिया की पहल पर बाबुलाल शर्मा भैसूनी के आवास पर आज पुनर्गठन के लिए आयोजित कि गई ।पूर्व अध्यक्ष हुकमचंद अमृतिया का स्वर्गवास होने से अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। इसलिए जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी द्वारा पुनर्गठन किया गया। जिले से जिला अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी, जिला सचिव अरविन्द शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अशोक चौहान, देवास तहसील अध्यक्ष अनिल नागर, जिला प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। उपस्थित कार्यकारिणी ने सर्व सम्मति से बाबूलाल शर्मा को अध्यक्ष, रामकरण निगम को उपाध्यक्ष, कुमेरसिंह डोडिया को सचिव, घनश्याम पाठक को सहसचिव एवं कृपाराम पटेल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। सर्वसम्मती से विजयागंज मंडी तहसील के संरक्षक पद हेतु रामलाल लुवानिया, पूरणमल हजारिया को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार कार्यकारिणी एवं सेक्टर प्रभारी भी नियुक्त किए गए इसमें दयाराम लुवानिया, मनोहरसिंह झाला, छगनलाल अमृतिया, मिश्रीलाल शर्मा, नारूलाल लुवानिया, शंकरलाल मालवीय, प्रतापसिंह गोहिल, मणिशंकर पाठक, छगनलाल पाटीदार, बालाराम शर्मा, को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विजयागंज मंडी शाखा तहसील के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान जल्दी पूर्ण कर अतिशीघ्र तहसील की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन जुलाई माह में किया जाये एवं पेंशनर साथियों के पेंडिंग प्रकरण से जिला कार्यालय को अवगत कराया जाये एवं प्रति माह नियमित बैठक हो इस बात पर भी निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन अरविन्द शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन घनश्याम पाठक ने किया उक्त पुनर्गठन पर सर्वानुमति होने से संगठन के मार्गदर्शक एम एल मालवीय देवड़ा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद किया। अंत में पूर्व अध्यक्ष स्व. हुकमचंद अमृतिया को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### परशुरामजी की मूर्ति स्थापना के लिए सौंपा पत्र

**देवास।** समस्त सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ देवास के सदस्यों ने जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में क्षेत्र की विधायक गायत्री राजे पवार से बद्रीधाम नगर चौराहा एम आर रोड पर इंडसइंड बैंक के पास भगवान परशुराम जी की मूर्ति लगाने के लिए अपने साथियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विधायक गायत्री राजे पवार को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र का वाचन जिला अध्यक्ष पण्डित प्रशांत शर्मा किया। साथ ही रविवार 19 अप्रैल 2026 को परशुराम जन्मोत्सव पर निकलने वाली शौर्य यात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए आमंत्रण पत्र भेट किया। अवसर पर ब्राह्मण समाज के उपवर्ग के अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी सदस्य, मातृशक्ति, युवा शक्ति सहित ब्रह्मबंधु उपस्थित थे। आभार जिला सचिव देवकीनंदन समाधिया ने व्यक्त किया।

## संघ शताब्दी वर्ष पर हुआ प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन

**बागली।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को नगर के एक निजी गार्डन में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बागली, उदयनगर खंड एवं कान्तापुर क्षेत्र से शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसाय, उद्योग, प्रशासन, समाजसेवा, पत्रकारिता व विधिक सेवा से जुड़े प्रतिनिधियों सहित मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में समाज केंद्रित जिज्ञासाओं, उनके समाधान एवं राष्ट्रीय चुनौतियों पर गहन विमर्श किया गया। शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मालवा प्रांत के सह-सम्पर्क



प्रमुख विनय पिंगले ने कहा कि भारतीय जीवन मूल्यों को मानने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है और हिंदुत्व किसी संकीर्णता का नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग का दायित्व है कि वह समाज को सही दिशा प्रदान करे तथा नई पीढ़ी को संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करे। संघ का उद्देश्य मात्र शताब्दी वर्ष मनाना नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्रभाव का जागरण करना है। उन्होंने बताया कि हजारों वर्षों के आक्रमणों के बावजूद हिंदू समाज ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखा है और यही जीवन दर्शन भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने में सक्षम है। डॉ. हेडगेवार द्वारा 1925 में स्थापित संघ आज देश ही नहीं, बल्कि विश्वभर में कार्य कर रहा है। गोष्ठी के जिज्ञासा समाधान सत्र में उपस्थित जनों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। अंतिम सत्र में पंच परिवर्तन—सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन/स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य—के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का परिचय जिला संपर्क प्रमुख मुकेश गुर्जर ने दिया तथा आभार जिला सेवा प्रमुख राजेश पटेल ने माना। समापन सामूहिक वंदे मातरम के साथ हुआ। इस अवसर पर संघ की 100 वर्षों की यात्रा एवं समाज जागरण के कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

## बाबा साहब के विचारों से प्रेरित विकसित भारत का संकल्प : आर्य

**देवास।** अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश के हर नागरिक को समान अधिकार दिलाने की मजबूत नींव रखी।

आर्य ने बताया कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि महान अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता थे। उन्होंने शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और मजबूत संस्थाओं के निर्माण पर जोर दिया, जो आज भी देश के विकास का आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। जनधन योजना, डिजिटल भुगतान, आधार भूत संरचना विकास जैसी योजनाएं बाबा साहेब के विचारों को साकार कर रही हैं। आर्य ने कहा कि बाबा साहेब का सपना तभी पूरा होगा जब हर नागरिक उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करे।

## युवक का शव मिला

**सतवास।** सतवास थाना क्षेत्र के दरगाह के पास पांगरी तालाब वाले रास्ता नीम के पेड़ पर एक शव लटका मिला। लोकेश मार्शकोले पिता जगदीश (उम्र 32 वर्ष, निवासी पांगरी) फांसी के फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवक इंदौर में ड्राइवरी करता था और रात को घर से गाड़ी लेकर जाने की बात कहकर निकला था। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव पेड़ से उतरा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतवास लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए में परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल सतवास पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

एक नजर में

डॉ. अंबेडकर के संवैधानिक दर्शन के बारे में दी जानकारी, पीएम मोदी का संबोधन भी सुना

## कॉलेज में आधुनिक भारत में सामाजिक न्याय विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय देवास के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा आईक्यूएसी एवं उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के तत्वावधान में डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में डॉ भीमराव अंबेडकर का संवैधानिक दर्शन आधुनिक भारत में सामाजिक न्याय विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सेमिनार के प्रारंभ में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने संस्कार हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को देखा एवं सुना। संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वल एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता डॉ ममता चंद्रशेखर, प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय इंदौर तथा डॉ रिपु सूदन सिंह, प्रोफेसर, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ थे।

संगोष्ठी के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, प्रमुख वक्ता डॉ



ममता चंद्रशेखर, डॉ सीमा सोनी, डॉ आरके मराठा, डॉ लता धुपकरिया, डॉ ममता लावरे, रजत राठौर ने मंच साझा किया। प्रमुख वक्ता डॉ ममता चंद्रशेखर ने अपने वक्तव्य में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में विस्तार से बताते हुए संवैधानिक गरिमा संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य अनुच्छेद 32 में निहित संवैधानिक उपचार, स्वतंत्रता ,समता, बंधुत्व आदि को बाबा साहब से जोड़कर विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने अपने वक्तव्य में श्रम तथा श्रमिक का विभाजन जाति व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण को वर्तमान में प्रधानमंत्री के वक्तव्य से जोड़कर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि मानव को मानवता के लिए सतत कार्य करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक न्याय तथा सामाजिक समता के बारे में विस्तार से बताया। तकनीकी सत्र में प्रमुख वक्ता के रूप में प्रोफेसर रिपु सूदन सिंह ने सामाजिक न्याय की व्याख्या करते हुए कहा कि अंबेडकर की दृष्टि को समझने के लिए अम्बेडकर के साहित्य का अध्ययन जरूरी हैं।